Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

अलंकरण समारोह

सिर्फ आसमाँ छू लेना ही सफलता नहीं है, सफलता तो इसमें हैं,
कि आसमाँ भी छू लिया जाए, और कदम भी जमीं पे रहें।।

21 अप्रैल 2022 को बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा के प्रांगण में अलंकरण समारोह (इन्वेस्टीचर समारोह) आन, बान और शान के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री अनुराग त्रिपाठी सचिव, सी0बी0एस0ई0 की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि के अतिरिक्त अनेक गणमान्य अतिथियों ने उपस्थित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। जहाँ बच्चों के सामूहिक गान ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं नृत्य कला की पराकाष्ठा ने सभी का दिल जीत लिया। समारोह में सिमरन शर्मा को प्रेसीडेंट - स्टूडेंट काउंसिल, दिविजा बंसल को हेड गर्ल और अभिराज घोष को हेड बॉय घोषित किया गया। इसी तारतम्य को जोड़ते हुए भव गुप्ता को हेड बॉय- प्राइमरी तथा आरिका बंसल को हेड गर्ल - प्राइमरी से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त खेलकूद, कला, साहित्य, स्वास्थ्य तथा क्विज़ जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी छात्रों को विभिन्न पदों से अलंकृत किया गया तथा उन्हें अपने पद को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाने हेतु शपथ भी दिलाई गई। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने आशीर्वाद से छात्रों को प्रोत्साहित किया और नेतृत्व के कुछ ऐसे सोपान बताएँ जो छात्रों के लिए प्रेरणास्पद होंगे। अंत में हेड गर्ल ने सभी का धन्यवाद किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा प्रभाकर ने सभी बच्चों के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद देने के साथ-साथ प्रगति पथ पर अग्रसर रहने का संदेश भी दिया एवं सभी में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार भी प्रकट किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

मनमोहक प्रस्तुति

बुलंद हौंसले

FOR FURTHER INFO, VISIT OUR FB PAGE www.facebook.com/balbharatinoida
www.twitter.com/BBPSNoida www.instagram.com/balbharatiND www.linkedin.com/in/asha-prabhakar-614a0153
Face to Faith FIT INDIA
https://bbpsnoida.balbharati.org www.facebook.com/balbharatinoida www.twitter.com/BBPSNoida www.instagram.com/balbharatiND www.linkedin.com/in/asha-prabhakar-614a0153